an>

Title: The Speaker protem made the announcement regarding making and subscribing an oath or affirmation.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सेक्रेटरी जनरल द्वारा अब सदस्यों के शपथ लेने अथवा प्रतिज्ञान करने के उद्देश्य से माननीय सदस्यों के नाम पुकारे जाएंगे ।

सबसे पहले सदन के नेता माननीय प्रधान मंत्री जी शपथ लेंगे, फिर सभापति तालिका के माननीय सदस्यगणों के नाम लिए जायेंगे। उनके बाद कैबिनेट रैंक के मंत्रिगण और राज्य मंत्रियों के नाम पुकारे जाएंगे। तत्पश्चात्, अन्य सदस्यों के नाम राज्यवार/संघ राज्य क्षेत्रवार पुकारे जाएंगे।

पहली बार नाम पुकारे जाने पर जो सदस्य शपथ नहीं ले पायेंगे, उनके नाम अंत में दोबारा पुकारे जाएंगे। यदि किसी सदस्य के नाम का सही ढंग से उच्चारण नहीं हुआ हो, तो वह कृपया करके क्षमा करें।